देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 16 अंक: 288 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...राजनीतिक मुद्दा बनाने की भी कोशिश




# पेज श्री

देहरादून, बृहस्पतिवार, 24 फरवरी 2022




मौसम अधिकतम 20.0° न्यूनतम 11.0°

40243.41

2 अमेरिका ने भेजे 32 अपाचे हेलिकॉप्टर

7 फिलहाल बायो-बबल से कोई थकान नहीं

# परिवारवादियों के हाथ में देश सुरक्षित नहीं

## पीएम ने बाराबंकी में चुनावी रैली में समाजवादी पार्टी पर जमकर निशाना साधा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

प्रयागराज। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पांचवें चरण के चुनाव के लिए यूपी में प्रचार तेज कर दिया है। मोदी ने बुधवार को बाराबंकी में चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने समाजवादी पार्टी पर जमकर निशाना साधा। प्रधानमंत्री ने किसान, गरीब, दलित से लेकर आतंकवाद, गुंडागर्दी और भ्रष्टाचार तक का मुद्दा उठाया। मुस्लिम महिलाओं के हक की बात भी कही।

छोटे किसानों की हो रही मदद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'हमारी सरकार छोटे किसानों की जरूरतों और उनकी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए भी काम कर रही है। हमारे ये किसान साथी फल और सब्जी उगाते हैं। पशुपालन का काम करते हैं। पीएम किसान सम्मान निधि से ऐसे करोड़ों छोटे किसानों की मदद हो रही है। हम सत्ता में आए उसके पहले क्या कभी आपके कानों पर किसी राजनीतिक दल या नेता के मुंह से छोटे किसान जैसा शब्द भी सुना था क्या? इस देश में 80-90 प्रतिशत छोटे किसान हैं, लेकिन देश के राजनेताओं और सरकारों को छोटे किसानों की पहवाह नहीं थी। जिसके पास एक हेक्टेयर से ज्यादा जमीन नहीं है। छोटा सा जमीन का टुकड़ा है। वह भी परिवार बढ़ता है तो बंट जाता है। लेकिन उन छोटे किसानों की चिंता इस देश में एक भी सरकार ने नहीं की थी। पहली बार मैं छोटे किसानों के लिए लड़ रहा हूं।'

मोदी बोले, 'बाराबंकी के ऐसे ही पांच लाख छोटे किसानों को योजनाओं से लाभ दिया है। 800 करोड़ रुपया बाराबंकी के किसानों के खाते में गया है। अगर मैं बाराबंकी के लिए 800 करोड़ नहीं, बल्कि दो सौ करोड़ की भी योजना बनाता तो अखबार और टीवी वाले हेडिंग बना देते। गन्ना किसानों की समस्या का स्थायी समाधान कर रहे हैं। इथेनॉल तैयार कर रहे हैं। आजादी के बाद पहली बार 13 हजार करोड़ रुपये के लागत से हमने पशुओं के टीकाकरण का अभियान चला रखा है। पशुओं को बीमारी से बचाने के लिए अभियान चला रहे हैं। पशुओं के गोबर से बायोगैस बनाने के लिए प्लांट बना रहे हैं। इससे किसानों की कमाई होगी और उन्हें जैविक खाद भी मिलेगी।'

पीएम ने आगे कहा, हम परिवार वाले नहीं हैं, लेकिन हर परिवार के दर्द को पहचानते हैं। क्योंकि पूरा हिंदुस्तान हमारा परिवार है। आप सब हमारे परिवार वाले हैं। वोट बैंक के चलते इन लोगों ने मुस्लिम बहनों की दिक्कतों को नजरअंदाज कर दिया।'

### तीन तलाक से मुस्लिम बहनों को मुक्त कराया

मोदी ने कहा, 'मुस्लिम बहनों को तीन तलाक जैसी समस्या से मुक्त कराया। मैं जरा घोर परिवारवादियों से पूछता हूं कि आपको मेरी मुस्लिम बेटियों का दर्द क्यों नहीं दिखा? छोटे-छोटे बच्चे लेकर मुस्लिम महिलाओं को अपने पिता के घर लौटना पड़ता था। क्या ये आपको नहीं दिखा? हमारी सरकार ने मुस्लिम बहनों को तीन तलाक के दुष्चक्र से मुक्त किया है।



### हर योजनाओं में महिलाओं को सम्मान दिया

मोदी ने कहा कि हमने अपनी हर योजनाओं में महिलाओं को सम्मान दिया है। पीएम आवास योजना का लाभ पाने वाली ज्यादातर महिलाएं हैं। किसी की जाति या मजहब देखकर नहीं दी है। सबसे अधिक लाभ अगर इन योजनाओं का हुआ है तो हमारी दलित, पिछड़ी और मुस्लिम समाज की माताओं और बहनों को हुआ है। मोदी ने कहा कि आज हम बेटियों का आत्मविश्वास बढ़ा रहे हैं।

### गरीबों की मुश्किलें कम करने का कर रहे काम

प्रधानमंत्री ने कहा, 'इन घोर परिवारवादियों ने यूपी के लोगों को कभी खुलकर अपना सामर्थ्य दिखाने का अवसर ही नहीं दिया। ये लोग सोचते हैं जब सामान्य नागरिक, हमारा गरीब मूलभूत सुविधाओं के लिए तरसता रहेगा तो फिर वो अपनी उर्जा आगे बढ़ने में कैसे लगाएगा?' 'ये घोर परिवारवादी जानते थे कि अगर गरीब के पास उसका अपना पक्का घर हो गया, घर में शौचालय बन गया, गरीब के घर बिजली और गरीब के घर तक सड़क पहुंच गई तो फिर इनके घर के चक्कर कौन काटेगा? उनके पास कौन जाएगा? इसलिए ये घोर परिवारवादी चाहते हैं कि गरीब हमेशा उनके चरणों में रहे। उनके ही चक्कर लगाता रहे।'

## संक्षिप्त समाचार

### 24 घंटे में सामने आए 15 हजार से ज्यादा केस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। तीसरी लहर में कोरोना संक्रमण काफी कमजोर पड़ गया है। पिछले कुछ दिनों से कोरोना के मामलों में लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। हालांकि, आज कोरोना के मामलों में थोड़ी बढ़ोतरी देखने को मिली है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कोरोना को लेकर अपडेट जारी किया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, बीते 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के 15,102 नए मामले सामने आए हैं।

### हाई कोर्ट ने कैंपस फ्रंट आफ इंडिया की भूमिका का मांगा ब्योरा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बेंगलुरु। कर्नाटक हाई कोर्ट ने कैंपस फ्रंट आफ इंडिया (सीएफआई) की भूमिका के बारे में जानकारी मांगी है। बुधवार को बहुचर्चित हिजाब विवाद पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने प्रदेश सराकर से जानकारी उपलब्ध कराने के लिए कहा है।

# महाराष्ट्र सरकार के मंत्री नवाब मलिक गिरफ्तार

## ईडी दफ्तर के बाहर एनसीपी कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। महाराष्ट्र सरकार में मंत्री और एनसीपी नेता नवाब मलिक को प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार कर लिया है। ईडी ने उन्हें दाऊद इब्राहिम मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद नबाव मलिक को मेडिकल जांच के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा है। इससे पहले बुधवार सुबह ईडी अधिकारी आज सुबह नवाब मलिक के आवास पहुंचे थे। आवास पर पूछताछ के बाद ईडी की टीम उन्हें अपने दफ्तर ले गई। ईडी ने अपने दफ्तर में घंटों नवाब मलिक से पूछताछ की। पूछताछ के बाद मलिक को गिरफ्तार कर लिया गया। ईडी ने नवाब मलिक को अंडरवर्ल्ड से कथित संबंधों को लेकर तलब किया था।

**ईडी की कार्रवाई पर भड़की शिवसेना-एनसीपीः** वहीं, एनसीपी और शिवसेना ने ईडी की कार्रवाई को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोला है। एनसीपी नेता नेता सुप्रिया सुले ने कहा कि आज सुबह नवाब मलिक के यहां ईडी के लोग आए थे। बहुत दिनों से भाजपा के कार्यकर्ता, प्रवक्ता ट्वीट कर रहे थे कि नवाब मलिक और महाविकास अघाड़ी के खिलाफ ईडी का नोटिस आएगा। आज वह हो गया है।

उन्होंने आगे कहा कि महाविकास अघाड़ी के खिलाफ जो षड्यंत्र भाजपा कर रही थी उसे आज पूरा महाराष्ट्र देख रहा है। कोई नोटिस नहीं आया है। महाराष्ट्र के एक मंत्री को सीधा ईडी अपने दफ्तर लेकर गई है। इन्होंने कौन सी नई राजनीति शुरू की है ऐसा मैंने पहली बार होते देखा है।

शिवसेना नेता संजय राउत ने कहा कि नवाब मलिक वरिष्ठ नेता और महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री हैं। ईडी जिस तरह से उन्हें उनके घर से ले गई, वह महाराष्ट्र सरकार के लिए एक चुनौती है।



एनसीपी कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

नवाब मलिक की गिरफ्तारी के बाद एनसीपी के कई कार्यकर्ता ईडी के दफ्तर के बाहर प्रदर्शन कर रहे हैं। स्थिति को देखते हुए काफी संख्या में पुलिस की तैनाती की गई है।

# बर्फबारी-बारिश से घाटी शेष देश से कटी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

श्रीनगर। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में बीती रात से उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में भारी बर्फबारी और मैदानी इलाकों में बारिश से जगह-जगह भू-स्खलन होने से जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग बंद हो गया है। कश्मीर संभाग में भारी बर्फबारी के कारण बनिहाल से काजीकुंड ट्रेन सेवा भी प्रभावित हुई है। इसके अलावा श्रीनगर के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से 41 उड़ानों को रद कर दिया गया है। श्रीनगर शहर में पांच इंच तक बर्फबारी हो चुकी है जबकि शोपियां और टंगमार्ग में एक-एक फुट से अधिक बर्फबारी हो चुकी है।

श्रीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रबंधन ने बताया कि अभी भी लगातार हिमपात हो रहा है हालांकि हमारा स्नो क्लियरिंग टीम रनवे और एप्रन पड़ रही बर्फ को निरंतर हटाने में जुटी हुई है।वहीं विजिबिलिटी की बात करें तो वह महज 400 मीटर तक है। अभी तक करीब 41 उड़ाने रद कर दी गई हैं। उड़ानों की स्थिति को लगातार अपडेट किया जा रहा है। यात्रियों को आगामी उड़ानों में अगली उपलब्ध उड़ान में समायोजित किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार, जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर जगह-जगह बर्फबारी और बारिश के कारण भूस्खलन हुआ है। ऊधमपुर से बनिहाल तक बीती रात से बारिश जारी है। इस वजह से कैफेटेरिया मोड़, मरोग और पंथियाल इलाकों में जगह-जगह पहाड़ों से चट्टानें खिसककर राष्ट्रीय राजमार्ग पर आ गई है। इस वजह से दोनों ओर से ट्रैफिक को रोक दिया गया है। बनिहाल स्थित नवयुग टनल और जवाहर टनल में भारी बर्फबारी के कारण यातायात पूरी तरह से बाधित हो चुका है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर पड़ी चट्टानें और बर्फ को हटाने का काम जारी है। श्रीनगर में भारी बर्फबारी के कारण 35 उड़ानों को रद कर दिया गया है।

**बर्फबारी**

■श्रीनगर हवाई अड्डे से 41 उड़ाने रद


Are you Planning to make a Website or already have ?

If yes, then we are here to serve you

What we do

Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# चौथे चरण में 5 बजे तक 57.45 प्रतिशत मतदान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में 18वीं विधानसभा के गठन के लिए नौ जिलों के 59 विधानसभा क्षेत्रों में चौथे चरण का मतदान अब अंतिम पड़ाव पर है। इन जिलों में पांच बजे तक कुल 57.45 प्रतिशत औसत मतदान हो गया। अभी छह बजे तक मतदान होना है। चौथे चरण में चार मंत्रियों सहित 624 प्रत्याशी मैदान में हैं। 2017 में नौ जिलों की 59 सीटों में से 51 भाजपा गठबंधन के पास थीं। चार पर समाजवादी पार्टी तथा दो-दो पर बसपा और कांग्रेस के प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की थी।

**पांच बजे लखीमपुर खीरी हो गया आगेः** नौ जिलों के 59 विधानसभा क्षेत्रों में पांच बजे तक कुल 57.45 प्रतिशत मतदान हो गया। 10 घंटे के मतदान के बाद लखीनपुर खीरी ने बाजी मारी है। वहां सबसे ज्यादा 62.42 प्रतिशत वोटिंग हो गई।

वहीं पीलीभीत में 61.33, सीतापुर में 58.39, हरदोई में 55.29, उन्नाव में 54.05, लखनऊ में 55.08, रायबरेली में 58.40, बांदा में 57.54 तथा फतेहपुर में 57.02 प्रतिशत मतदान हो गया था।

### लखीमपुर खीरी में सबसे ज्यादा पड़े वोट